# तुम्हारे ही सहारे है सहारे मेरी नैया खाटू वाले लिरिक्स

तुम्हारे ही सहारे है,
सहारे मेरी नैया,
मेरे माझी खाटू वाले,
मेरे माझी खाटू वाले।bd।

**tumhare hi sahare hai lyrics**

तर्ज – बना के क्यों बिगाड़ा रे।

देखे – तुम्हारा ही सहारा है।

---

ग़म के थपेड़े खाते खाते,
हार गया मैं मनमोहन,
डूब ना जाऊं होते तेरे,
व्याकुल है ये मेरा मन,
नैया है टूटी किस्मत है रूठी,
मत रूठो तुम कन्हैया,
मेरे माझी खाटू वाले,
मेरे माझी खाटू वाले।bd।

---

बनकर माझी ना जाने कब,
तुम आओगे पास मेरे,
देख ज़माना हंसी करेगा,
हारे गर जो दास तेरे,
हाथ बढ़ा के हाथ पकड़ ले,
तू मेरा कन्हैया,
मेरे माझी खाटू वाले,
मेरे माझी खाटू वाले।bd।

---

दुखियों के दुःख तुम ना सुनोगे,
कौन सुनेगा बतलाओ,
देख दशा अपने बच्चों की,
थोड़ी करुणा बरसाओ,
‘स्नेह’ ने जीवन तुमको ये अर्पण,
किया है ओ कन्हैया,
मेरे माझी खाटू वाले,
मेरे माझी खाटू वाले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तुम्हारे ही सहारे है,
सहारे मेरी नैया,
मेरे माझी खाटू वाले,
मेरे माझी खाटू वाले।bd।

**Singer – Mukesh Bagda**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com